(c) The commercial manufacture will be taken up after successful completion of the trials.

Prevention of heart disease among the urbanites

2705. SHRI H. HANUMANTHAPPA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) Whether Government's attention has been drawn to the news appeared in the 'Indian Express' recently that urbanites are much more prone to heart disease as compared to slum dwellers according to a study by ICMR;

(b) if so, the steps taken by Government to educate he masses for the prevention of heart disease among the! urbanites; and

(c) the total number of people affected by heart attack in the metropolian cities during the last six months beginning from July, 1992 to 31st December, 1992?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND); (a) Yes, Sir. However, the ICMR does not have any such information.

(b) Prevention of heart diseases is part of the health education programme of the Government.

(c) Information is not available.

गुजरात में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्वास्थ्य एककों में डाक्टरों की कमी

2706. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गुजरात में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्वास्थ्य एककों में डाक्टरों की अत्यन्त कमी है;

(ख) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अनेक डाक्टर, विशेषतौर पर स्थानीय डाक्टर राज्य के अंदरूनी क्षेत्रों के गांवों में काम करने के इच्छुक नहीं हैं ; और

(ग) क्या सरकार इस संबंध में कोई उपचारी उपाय करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की कुछ कमी है ।

(ख) गुजरात में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना केवल अहमदाबाद शहर तक ही सीमित है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हैं ।

(ग) पुनरीक्षा करने के बाद राज्य सरकार ने नये चिकित्सा स्नातकों को 2 वर्ष के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात करने के लिये कदम उठाये हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट चिकित्सकों को भी ग्रामीण क्षेत्रों में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया है और सेवा निवृत्त चिकित्सा अधिकारियों को कुछ शर्तों पर सरकारी सेवा में पुन: नियुक्त किया जा रहा है । डाक्टरों को आवधिक विज्ञापनों के जरिये तदर्थ आधार पर नियुक्त करने के प्रयास भी किये जाते हैं ।

ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा पद्धति में सुधार

2707. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा पद्धति शहरी क्षेत्र की तुलना में बदतर है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और